रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1761] नई दिल्ली, बुधवार, अगस्त 19, 2015/श्रावण 26, 1937
No. 1761] NEW DELHI, WEDNESDAY, AUGUST 19, 2015 /SRAVANA 26, 1937

पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 19 अगस्त , 2015

का.आ. 2262 (अ).- भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 2499(अ) तारीख 24 सितंबर, 2014, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (ii) में राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र, दिल्ली और उत्तर प्रदेश राज्य में ओखला पक्षी अभ्यारण्य के चारो और पारिस्थितिक संवेदी जोन घोषित करने के लिए, प्रारूप अधिसूचना प्रकाशित की गई थी, जिसमें उन सभी व्यक्तियों से, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको भारत के राजपत्र में प्रकाशित रूप में उक्त अधिसूचना की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की समाप्ति के पूर्व आक्षेप और सुझाव मांगे गए थे ;

और, उक्त अधिसूचना को अंतर्विष्ट करने वाले राजपत्र की प्रतियां तारीख 24 सितम्बर, 2014 को जनता को उपलब्ध करा दी गई थी ;

और, उक्त प्रस्तावित प्रारूप अधिसूचना के संबंध में, सभी व्यक्तियों तथा पणधारियों से प्राप्त सुझावों पर केंद्रीय सरकार द्वारा विचार कर लिया गया है ;

और, केंद्रीय सरकार ओखला पक्षी अभयारण्य राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र में उस स्थान पर अवस्थित है जहां यमुना नदी राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र दिल्ली(एनसीटी) को छोड़ती है और उत्तर प्रदेश राज्य में प्रवेश करती है;

और ओखला पक्षी अभयारण्य की सीमाएं निम्नानुसार हैं:-

उत्तर : अभयारण्य की उत्तरी सीमा ओखला मेड और ओखला मेड बंध; यमुना और हिंडन नदी दिल्ली नोएडा सीधा उपरी पुल के निकट के खंड में अभयारण्य में प्रवेश करती है किंतु इस तरफ से फ्लाई ऑवर के लिए कोई प्रवेश नहीं है ;

दक्षिण: ओखला बैराज, टाई बंध, आम्रपाली मार्ग (वह मार्ग जो दिल्ली और नोएडा को जोड़ता है) और शाहदरा नाला दक्षिणी सीमा का निर्माण करते हैं। अधिकांश सीमा पर बाड़ है ;

पूर्व : बायां प्रवाह बंध पूर्वी सीमा का निर्माण करता है। बायां प्रवाह बंध एक तटबंध है जो नजदीक के क्षेत्रों में जल के प्रवेश का निवारण करता है। यह 2.5 किलोमीटर लंबा है और इसका उपयोग सड़क के रूप में किया जाता है ;

पश्चिम : दायां सीमांत बंध पश्चिमी सीमा का निर्माण करता है। इस बंध का भागत: बाड़ द्वारा और भागत: एक दीवार द्वारा संरक्षण किया जाता है ।

और ओखला पक्षी अभयारण्य विभिन्न प्रकार के बड़ी संख्या में जलीय पक्षियों के आवास के रूप में जाना जाता है और प्रवासी तथा निवासी पक्षियों (लगभग 6,000 पक्षियों की 324 प्रजातियां) को सर्दियों के दौरान सूचीबद्ध किया गया है और इस अभ्यारण्य में आने वाले महत्वपूर्ण पक्षियों में कोर्मोरेंट्स, हैरोन्स, इग्रेट्स, डार्टर, कूट, बत्तखें आदि भी हैं ;

और अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र तथा उसमें पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों के प्रसार का सुधार करना और उनका विकास करना तथा उसके पर्यावरण का संरक्षण और परिरक्षण आवश्यक है ;

और ओखला पक्षी अभयारण्य की पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी सीमा से सौ मीटर तक के क्षेत्र का और उत्तरी सीमा से 1.27 किलोमीटर के क्षेत्र को पारिस्थितिकीय और पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप संरक्षित और सुरक्षित करना आवश्यक हो गया है और पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी सीमा से एक किलोमीटर क्षेत्र के भीतर और ओखला पक्षी अभयारण्य की दक्षिणी सीमा से 1.27 किलोमीटर क्षेत्र के भीतर वाणिज्यिक खनन कार्यकलापों का प्रतिषेध करना आवश्यक हो गया है।

अत:, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1), उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उत्तर प्रदेश राज्य में ओखला पक्षी अभयारण्य की पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी सीमा से सौ मीटर तक के क्षेत्र को और राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली की उत्तरी सीमा से 1.27 किलोमीटर तक के क्षेत्र को ओखला पक्षी अभयारण्य पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं**--(1) ओखला पक्षी अभयारण्य की उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले और राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र के दक्षिण पूर्व जिले से सौ मीटर से 1.27 तक पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार है।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन का क्षेत्र पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी सीमा से सौ मीटर तक और ओखला पक्षी अभयारण्य की उत्तरी सीमा से डीएनडी फ्लाई ऑवर तक नदी तल के विस्तार तक 1.27 किलोमीटर तक उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले और राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली के दक्षिणी पूर्वी जिले तक फैला हुआ है।

(3) ओखला पक्षी अभयारण्य के चारों ओर का पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र इस अधिसूचना के **उपाबंध 1** के रूप में संलग्न है।

(4) पारिस्थितिक संवेदी जोन की बाहरी सीमा के महत्वपूर्ण बिंदूओं को उपदर्शित करने वाले निर्देशांक इस अधिसूचना के साथ **उपाबंध 2** के रूप में संलग्न है।

(5) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर आने वाले दस शहरी क्षेत्र या ग्राम उनके स्थायी बिंदुओं पर अक्षांश और देशांतर सहित इस अधिसूचना के साथ **उपाबंध** III के रूप में उपाबद्ध हैं :

परंतु उपाबंध 3 पारिस्थितिक संवेदी जोन की संबंधित आंचलिक महायोजना में राज्य सरकारों द्वारा पुष्टि किए जाने के अध्यधीन होगा।

2. **पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना** - (1) संबंधित राज्य सरकार पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रभावी प्रबंधन के प्रयोजन के लिए इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष के भीतर स्थानीय लोगों और निम्नलिखित संबंधित राज्य विभागों में परामर्श से आंचलिक महायोजना तैयार करेगी तथा जो कि उत्तर प्रदेश / राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली के सक्षम अधिकारी द्वारा अनुमोदित होगी, अर्थात् :-

(i) वन, पर्यावरण और वन्य जीव प्रबंधन ;

(ii) उत्तर प्रदेश या दिल्ली पुलिस ;

(iii) शहरी आवास विकास ;

(iv) पर्यटन ;

(v) ग्रामीण प्रबंधन और विकास ;

(vi) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण ;

(vii) लोक निर्माण विभाग या केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग;

(viii) भू-राजस्व; और

(ix) आपदा प्रबंधन ।

(x) उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ।

(2) आंचलिक महायोजना निम्नीकृत क्षेत्रों के पुनरुद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल संभर प्रबंधन, भू जल प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण स्थानीय समुदाय की आवश्यकताओं और पारिस्थितिकी और पर्यावरण के ऐसे अन्य परिप्रेक्ष्यों जिनपर ध्यान देने की आवश्यकता है के लिए उपबंध करेगी ।

(3) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान और प्रस्तावित शहरी बस्तियों, ग्रामीण बस्तियों, वनों की किस्म और प्रकार, कृषि क्षेत्रों और बागवानी क्षेत्रों, झीलों, अन्य जल निकायों और उद्यमी इकाइयों को चिन्हित करेगी ।

(4) आंचलिक महायोजना में ऐसे उपाय अंतर्विष्ट होंगे जो केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा पैरा 4 में विनिर्दिष्ट सारणी के स्तंभ (2) में विनिर्दिष्ट कार्यकलापों के विनियमन के लिए विनिर्दिष्ट किए जाएं ।

(**5**) इस प्रकार तैयार जोनल मास्टर योजना क्षेत्रीय विकास योजना के साथ साथ समाप्त होगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय**- राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात् :-

(1) भू-उपयोग- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वन, उद्यान क्षेत्र, कृषि क्षेत्र, उद्यान और मनोरंजन के प्रयोजन के लिए चिन्हित खुले स्थानों का उपयोग या उनका संपरिवर्तन वाणिज्यिक या उद्योगों से संबंधित विकास कार्यकलापों के लिए नहीं किया जाएगा :

परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कृषि भूमि के संपरिवर्तन को मानीटरी समिति की सिफारिशों पर और राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन से स्थानीय नागरिकों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए और क्रमशः पैरा 4 की सारणी के स्तंभ (2) के अधीन विनिर्दिष्ट मद संख्या 24 और मद संख्या 27 में सूचीबद्ध कार्यकलापों के लिए अनुज्ञात किया जा सकेगा, अर्थात्:-

(i) सुरक्षा बल शिविर; और

(ii) वर्षा जल संचयन:

परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भू-अभिलेखों में उत्पन्न होने वाली किसी त्रुटि का सुधार राज्य सरकार द्वारा मानीटरी समिति के मत को अभिप्राप्त करने के पश्चात् प्रत्येक दशा में एक बार किया जाएगा और उक्त त्रुटि के सुधार से पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में केन्द्रीय सरकार को संसूचित किया जाएगा :

परंतु यह भी कि पूर्वोक्त त्रुटि सुधार में किसी भी दशा में भूमि उपयोग में परिवर्तन सिवाय इस उप पैरा के अधीन उपबंधित के अनुज्ञात नहीं किया जाएगा ।

(2) **पर्यटन**--पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नानुसार होंगे, अर्थात् :--

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार पारिस्थितिक पर्यटन,पारिस्थितिक-शिक्षा और पारिस्थितिक विकास तथा पारिस्थितिक संवेदी जोन की वहन क्षमता पर आधारित अध्ययन पर जोर देते हुए राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, पर्यावरण और वन मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी केन्द्रीय मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार होगा ;

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन में किसी भी प्रकार के संनिर्माण की मंजूरी नहीं होगी ;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विकास और प्रसार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश के आधार पर संबंधित विनियामक प्राधिकारियों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा ;

(3) **नैसर्गिक विरासत**- पारिस्थितिक संवेदी जोन में मूल्यवान नैसर्गिक विरासत की पहचान की जाएगी और आंचलिक महायोजना में सम्मिलित किया जाएगा ; सभी जीन पूल के लिए आरक्षित क्षेत्र, चट्टान विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं,

स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, खड़ी चट्टानों आदि को परिरक्षित किया जाएगा ; राज्य सरकार उनके संरक्षण और संभारण के लिए इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर उपयुक्त योजना बनाएगी और ऐसी योजना आंचलिक महायोजना का भाग होंगी ।

(4) **ध्वनि प्रदूषण** - पर्यावरण विभाग या राज्य वन विभाग उत्तर प्रदेश /राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली सरकार, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) के उपबंधों के अनुसार, पारिस्थितिक संवेदी जोन में, ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम की विरचना करने वाला प्राधिकरण होगा ।

(5) **वायु प्रदूषण** - पर्यावरण विभाग या राज्य वन विभाग उत्तर प्रदेश/राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली सरकार, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के उपबंधों के अनुसार, पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम की विरचना करने वाला प्राधिकरण होगा ।

(6) **बहिस्रावों का निस्सारण :--** पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव जल का निस्सारण जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) के उपबंधों के अनुसार होगा ।

(**7) ठोस अपशिष्ट :-- (1)** ठोस अपशिष्ट का निपटान निम्नानुसार किया जाएगा:-

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट का निपटान समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 908(अ) तारीख 25 सितंबर, 2000 द्वारा केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रकाशित नगरपालिक ठोस अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 2000 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा;

(ii) स्थानीय प्राधिकरण जैव निम्नीकरणीय और अजैव निम्नीकरणीय संघटकों में ठोस अपशिष्टों के संपृथकन के लिए योजनाएं तैयार करेंगे ;

(iii) जैव निम्नीकरणीय सामग्री को अधिमानतः खाद बनाकर या कृमि खेती के माध्यम से पुनःचक्रित किया जाएगा ;

(iv) अकार्बनिक सामग्री का निपटान किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा ।

(8) **जैव चिकित्सा अपशिष्ट**- पारिस्थितिकी संवेदी जोन में जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निपटान भारत के राजपत्र में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित अधिसूचना सं. का.आ.630(अ) तारीख 20 जुलाई, 1998 जैव चिकित्सा अपशिष्ट (प्रबंधन और हथालन) नियम, 1998 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(9) **यानीय परिवहन** - परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध अधिकथित किए जाएंगे और ऐसे समय जब तक की आंचलिक महायोजना के तैयार होने और उत्तर प्रदेश/राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र उत्तर प्रदेश सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किये जाने तक, मानीटरी समिति यानीय गतिविधियों को विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुसार मानीटर करेगी ।

(10) आंतरिक एवं ब्राह्य प्रकाश

(i) प्रवासी मौसम के दौरान में तेज आंतरिक प्रकाश का उपयोग न्यूनतम रखना;

(ii) देर रात्रि के दौरान भवनों में ब्राह्य प्रकाश को मंद रखने को बढ़ावा देना;

(iii) दिन और रात में प्रकाश परावर्तन को न्यूनतम रखने के लिए बढ़ावा देना भवनों के सामने के भाग में काच के न्यूनतम उपयोग को बढ़ावा देना; और

(iv) पक्षियों के प्रवासी मौसम के दौरान (15 अक्तूबर से 15 मार्च) तेज प्रकाश को प्रतिषिद्व करना तथा रात मे पक्षी अनुकूल विसारित प्रकाश के उपयोग को प्रोत्साहित करना ।

4. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलाप** -पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी कार्यकलापों का प्रशासन पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 25) के उपबंधों के अनुसार होगा और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित किए जाएंगे, अर्थात् :-

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टीका-टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप :		
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां	(क) नए खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खदानों और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं के सिवाय प्रतिसिद्ध होंगी ; (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4.8.2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21.04.2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण में सर्वथा होंगे ।
2.	आरा मिलों की स्थापना	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नई या विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
3.	जल या वायु या मृदा या ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
5.	वाणिज्यक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नए वाणिज्यक होटलों और रिसोर्टों की स्थापना को अनुज्ञात नही किया जाएगा ।
6.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
7.	नए वृहत जल विद्युत परियोजनों और सिचाई परियोंजनाओं की स्थापना	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
8.	नए काष्ठ आधारित उद्योग निस्सारण	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
9.	संनिर्माण क्रियाकलाप	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर किसी भी प्रकार का नए निर्माण अनुज्ञात नही किया जाएगा सिवाय स्थानीय नागरिकों की आवासीय आवश्यकताओं जिसके अन्तर्गत मद संख्या 24 और मद संख्या 28 क्रियाकलाप भी सम्मिलित है .
10.	प्लास्टिक बैगों का उपयोग	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
11.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिर्स्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्सारण	पारिस्थितिक संवेदी क्षेत्र में अनुपचारित बहिर्स्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्सारण प्रतिषिद्ध है ।
	विनियमित क्रियाकलाप	
12.	वृक्षों की कटाई	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी ।
13.	कृषि प्रणालियों में आमूल परिवर्तन	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
14.	वाणिज्यिक जल संसाधन जिसके अंतर्गत भू-जल संचयन भी है	(क) भूमि के अधिभोगी के वास्तविक कृषि और घरेलू खपत के लिए जल का निष्कर्षण (सतही और भूमिगत जल) अनुज्ञात होगा । (ख) औद्योगिक, वाणिज्यिक उपयोग के लिए सतही और भूमिगत

		जल का निष्कर्षण के लिए संबंधित विनियामक प्राधिकरण पूर्व लिखित अनुज्ञा अपेक्षित होगी जिसके अंतर्गत कितने परिणाम में वह निष्कर्षण करेगा, भी है। (ग) सतही या भूजल का विक्रय अनुज्ञात नहीं होगा। (घ) जल के संदूषण या प्रदूषण, जिसके अंतर्गत कृषि भी है, को रोकने के लिए सभी उपाय किए जाएंगे।
15.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण	उपचारित बहिर्स्राव के पुन:चक्रण को प्रोत्साहित किया जाएगा और पंक और ठोस अपशिष्ट का निपटान के लिए विद्यमान विनियमों का पालन किया जाएगा।
16.	विद्युत केबलों और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण	भूमिगत केबलों को प्रोत्साहन देना।
17.	होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड लगाना	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
18.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण	उचित पर्यावरण समाघात निर्धारण और न्यूनिकरण उपाय यथा लागू अनुसार होंगे।
19.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे । पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर शांत क्षेत्रों या नो हार्म जोन को घोषित करना।
20.	विदेशी प्रजातियों की पहचान	लागू विधियों और आंचलिक महायोजना के अधीन विनियमित होंगे।
21.	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुबारों आदि द्वारा अभ्यारण क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
22.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
23.	होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड लगाना	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
24.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
25.	सुरक्षाबल कैम्प	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
26.	आंतरिक और वाहय प्रकाष	(क) प्रवासी मौसम के दौरान तेज आंतरिक प्रकाश का उपयोग न्यूनतम रखना । (ख) देर रात्रि के दौरान इमारतों के वाहय प्रकाश को मध्यम रखने को बढ़ावा देना । (ग) दिन और रात में प्रकाश परावर्तन को न्यूनतम रखने के लिए भवनों के सामने के भाग में कांच के न्यूनतम उपयोग को बढ़ावा देना । (घ) तेज प्रकाश को प्रतिषिद्व करना तथा पक्षी अनुकूल रात में विसारित प्रकाश के उपयोग को प्रोत्साहित करना ।
संवर्धित कार्यकलाप		
27.	स्थानीय समुदायों द्वारा लाई जा रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ पशुपालन, पशुपालन कृषि, जल कृषि और मछली पालन	उनमें से कुछ गतिविधियों का अत्यधिक विस्तार आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित किया जायेगा।
28.	वर्षा जल संचयन	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए।
29.	वनस्पतिय बाड़	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए।
30.	जैविक खेती	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए।
31.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए।

5. राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति- (1) केंद्रीय सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रभावी मानीटरी के लिए उत्तर प्रदेश राज्य और राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली प्रत्येक के लिए एक समिति का गठन करेगी जिसे मानीटरी समिति कहा जायेगा, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

(क) **उत्तर प्रदेश राज्य के लिए मानीटरी समिति निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-**

(i) मुख्य सचिव, पर्यावरण और वन - अध्यक्ष ;

(ii) सदस्य सचिव, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड - सदस्य ;

(iii) सदस्य सचिव, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड - सदस्य ;

(iv) उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक वर्ष के लिए नाम निर्दिष्ट पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र में एक विषय विशेषज्ञ - सदस्य ;

(v) उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक वर्ष के लिए नाम निर्दिष्ट पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रहे गैर सरकारी संगठनों का एक प्रतिनिधि - सदस्य

(vi) आवास और शहरी योजना विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधि - सदस्य

(vii) राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधि - सदस्य

(viii) सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधि - सदस्य ;

(ix) संबंधित जिला कलक्टर -सदस्य

(x) संबंधित प्रभागीय वन अधिकारी - सदस्य

(xi) राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली सरकार का प्रतिनिधि - सदस्य

(xii) मुख्य वन्यजीव वार्डन सचिव, - सदस्य

(ख) **राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली के लिए राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-**

(i) मुख्य सचिव, राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली - अध्यक्ष ;

(ii) सदस्य सचिव, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, - सदस्य

(iii) सदस्य सचिव, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड - सदस्य ;

(iv) राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा एक वर्ष के लिए नाम निर्दिष्ट पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र में एक विषय विशेषज्ञ - सदस्य ;

(v) राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा एक वर्ष के लिए नाम निर्दिष्ट पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रहे गैर सरकारी संगठनों का एक प्रतिनिधि - सदस्य

(vi) दिल्ली विकास प्राधिकरण का प्रतिनिधि - सदस्य

(vii) राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग का प्रतिनिधि - सदस्य

(viii) संबंधित जिला कलक्टर - सदस्य

(ix) संबंधित प्रभागीय वन अधिकारी - सदस्य

(x) उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधि - सदस्य

(xi) मुख्य वन्य जीव वार्डन, राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली -सदस्य सचिव ;

6. निर्देश निबंधन

(1) राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533 तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 3 के अधीन सारणी के स्तंभ (3) में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी ।

(3) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी के स्तंभ (3) में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533 तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(4) राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति का अध्यक्ष या सदस्य-सचिव ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के उपबंधों का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(5) राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति विषय-विषय आधारित अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(6) राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष 31 मार्च तक की गई कार्रवाई की वार्षिक कार्यवाही रिपोर्ट उस वर्ष की 30 जून तक केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को **उपाबंध IV** में दिए गए प्रोफार्मा में प्रस्तुत करेगी ।

(7) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा जो वह आवश्यक समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंध भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय, या उच्च न्यायालय द्वारा पारित या पारित किए जाने वाले आदेशों, यदि कोई हैं के अध्यधीन हैं ।

[फा. सं. 25/20/2014-ईएसजेड-आरई]

डा. टी. चांदनी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध- I

ओखला पक्षी अभ्यारण्य, राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र (एनसीआर) के चारों ओर पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा के मानचित्र के साथ दूरस्थ और विस्तार में **अक्षांश और रेखांश**

Annexure A

Map of Eco-Sensitive Zone boundary together with its latitudes and longitude of extremes and extent.



Coordinate of Points on the Boundary of Okhla Bird Sanctuary

Location Number	Coordinate					
	Latitude			Longitude		
	D	M	S	D	M	S
1	28	34	19	77	18	26
2	28	33	47	77	18	49
3	28	33	18	77	19	10
4	28	33	4	77	19	5
5	28	32	43	77	18	41
6	28	32	51	77	18	28
7	28	32	50	77	18	24
8	28	33	2	77	18	8
9	28	33	5	77	18	2
10	28	32	33	77	17	46
11	28	33	54	77	17	43
12	28	33	57	77	17	37

उपाबंध-II

ओखला पक्षी अभ्यारण्य, उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र, दिल्ली के चारों ओर के पारिस्थितिकी संवेदी जोन बाहरी सीमाओं को दर्शाने वाले निर्देशांक

क्र.सं.	बिंदु	रेखांश			अक्षांश		
		डिग्री	मिनट	सेकेंड	डिग्री	मिनट	सेकेंड
1.	A	28	34	24	77	18	27
2.	B	28	33	51	77	18	50
3.	C	28	33	18	77	19	13
4.	D	28	33	1	77	19	7
5.	E	28	32	38	77	18	40
6.	F	28	32	48	77	18	31
7.	G	28	32	46	77	18	22
8.	H	28	32	59	77	18	6
9.	I	28	33	26	77	17	45
10.	J	28	33	59	77	17	34
11.	K	28	34	2	77	17	41
12.	L	28	34	28	77	17	15
13.	M	28	34	32	77	17	17
14.	N	28	34	35	77	17	16
15.	O	28	34	46	77	17	44
16.	P	28	34	38	77	18	7
17.	Q	28	34	21	77	18	21

उपाबंध III

प्रस्तावित ओखला पक्षी अभ्यारण्य, उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र, दिल्ली के पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर आने वाले शहरी क्षेत्र/ग्रामों की सूची

क्रम सं.	राज्य	शहरी क्षेत्र/ग्राम का नाम	बिंदु	रेखांश			अक्षांश			तहसील	जिला
				डिग्री	मिनट	सेकेंड	डिग्री	मिनट	सेकेंड		
1.	उत्तर प्रदेश	सेक्टर 95, नोएडा	बी	28	33	51	77	18	50	दादरी	गौतम बुद्ध नगर
2.	उत्तर प्रदेश	छलेरा औरंगाबाद	सी	28	33	18	77	19	13	दादरी	गौतम बुद्ध नगर
3.	उत्तर प्रदेश	नयावांस	पी	28	34	38	77	18	7	दादरी	गौतम बुद्ध नगर
4.	दिल्ली	शाहीन बाग	जी	28	32	46	77	18	22	मैहरोली	दक्षिण पूर्व दिल्ली

5.	दिल्ली	जसोला	एच	28	32	59	77	18	6	मैहरोली	दक्षिण पूर्व दिल्ली
6.	दिल्ली	अबुल फजल एन्कलेव	आई	28	33	26	77	17	45	मैहरोली	दक्षिण पूर्व दिल्ली
7.	दिल्ली	ओखला	जे	28	33	59	77	17	34	मैहरोली	दक्षिण पूर्व दिल्ली
8.	दिल्ली	कैनाल कॉलोनी, उत्तर प्रदेश, सिंचाई विभाग	आई-ए	28	33	54	77	17	35	मैहरोली	दक्षिण पूर्व दिल्ली
9.	दिल्ली	जोगाबाई	के	28	34	2	77	17	41	मैहरोली	दक्षिण पूर्व दिल्ली
10.	दिल्ली	खिजराबाद	एल	28	34	28	77	17	**15**	मैहरोली	दक्षिण पूर्व दिल्ली

उपाबंध IV

की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का प्रोफार्मा - मानीटरी समिति

1. बैठकों की संख्या और दिनांक
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें ।
3. जोनल मास्टर प्लान की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन मास्टर प्लान
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए ब्यौहार किए गए मामलों का सारांश
5. ईआईए अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं ।
6. ईआईए अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं ।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश
8. महत्ता का कोई अन्य विषय ।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 19th August, 2015

S.O. 2262(E).-Whereas, a draft notification, for declaration of Eco-sensitive Zone (ESZ) around Okhla Bird Sanctuary in the National Capital Territory of Delhi and the State of Uttar Pradesh was published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3, Sub-section (ii) vide notification of the Government of India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O. 2499 (E), dated the 24th September, 2014, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within a period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

And whereas, copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public on 24th September, 2014;

And whereas, all objections and suggestions received from all persons and stakeholders in response to the draft notification have been duly considered by the Central Government;

And whereas, the Central Government considers that the Okhla Bird Sanctuary is located in the National Capital Region (NCR) at the point where the river Yamuna leaves the territory of the National Capital Territory of Delhi and enters the State of Uttar Pradesh;

And whereas, the boundaries of Okhla Bird Sanctuary are as follows:-

North: The Okhla Weir and Okhla Weir Bund forms the Northern boundary of the Sanctuary; River Yamuna and Hindon Cut enter the sanctuary from the section close to Delhi Noida Direct flyover but there is no entry to the flyover from this side;

South: The Okhla barrage Tie Bund, Amrapali Marg (a road that connects Delhi and Noida) and Shahdara drains forms the Southern boundary, and most of this boundary is fenced;

East: Left afflux bund forms the Eastern boundary. The left afflux Bund is the dyke that prevents water from entering the nearby areas, and it is 2.5 kilometers long and is used as a road;

West: The right Marginal Bund forms the western boundary of the sanctuary and this bund is protected partly by a fence and partly by a wall;

And whereas, the Okhla Bird Sanctuary is known for its aquatic habitat of large number and variety of migratory and resident birds (about 324 species of about 6000 birds) have been listed during winters and the important birds that visit the sanctuary includes different species of Cormorants, Herons, Egrets, Darter, Koot, Ducks, etc.;

And whereas, it is necessary to conserve and protect the area around the sanctuary and to propagate improvement of and develop the different species of birds therein and its environment;

